APPENDIX 30B

प्रशासन अकादेमी
मध्य प्रदेश

ACADEMY OF ADMINISTRATION
MADHYA PRADESH
BHOPAL

क्रमांक/२२३५/अका/प्रशि./कांके/७८/७९/९९

प्रति,

भोपाल दिनांक: ०१.५.९९

विषय:- शासकीय सेवकों के लिए "तनाव प्रबंधन एवं आत्म विकास" विषयक प्रशिक्षण कार्यक्रम। (अवधि ८-१९ जून, ९९)

प्रशासन अकादमी शासकीय सेवकों के लिए ८-१९ जून, ९९ की अवधि में "तनाव प्रबंधन एवं आत्म विकास" (विपश्यना पद्धति) विषय पर एक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में नामांकन उपलब्ध कराने हेतु पूर्व में सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों को दिनांक २४.११.९८ को पृथक से निर्देश भी प्रसारित किये थे।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के नियमों एवं गतिविधियों का विवरण पत्र के साथ संलग्न प्रेषित है। विभागीय अधिकारियों को नामांकित करने के पूर्व नामांकित अधिकारियों को शिविर के अनुशासन की पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराते हुए संबंधित अधिकारी से सहमति भी प्राप्त करने का कष्ट करें। नामांकन प्राप्त होने के पश्चात् प्रशासन अकादमी नामांकित अधिकारियों की अंतिम सूची तैयार कर प्रशिक्षण कार्यक्रम के संबंध में नामांकनों को अंतिम रूप देगी तथा इसकी सूचना चयनित प्रशिक्षणार्थियों को भी पृथक से भेजेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए प्रति प्रशिक्षणार्थी शुल्क रू. २५००/- निर्धारित की गई है। यह शुल्क विभाग द्वारा ही वहन की जाना है तथा नामांकित अधिकारी प्रशिक्षण के दौरान अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रमों की भांति ही ऑन ड्यूटी ही माना जावेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रत्येक स्तर के शासकीय सेवक के लिए अत्यंत ही उपयोगी है। कृपया इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। ताकि जिला स्तरीय अधिकारी इससे अधिक से अधिक संख्या में लाभांवित हो सकें।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम मे भाग लेने हेतु आप अपने विभाग के अधिकारियों के नामांकन हमें २२ मई, ९९ तक उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

(कवीन्द्र कियावत)

प्रशिक्षण संचालक